



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**नवम्बर- 2021**

*अन्दर के पृष्ठों पर.........*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### सम्मान

- दिनांक 02.10.2021 : वीरता के लिये पुलिस पदक/विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक तथा मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश का उत्कृष्ट सेवा पदक गाँधी जयन्ती के अवसर पर मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा 75 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश के अवनि प्रेक्षागृह में भव्यतापूर्वक सम्पन्न पदक अलंकरण समारोह में प्रदान किये गये।

श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 व पुलिस रेडियो से श्रीमती सुनीता शर्मा, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार), श्री आर0के0 सिंह, सेवानिवृत्त सहायक रेडियो अधिकारी, श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी, रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सूर्य कुमार त्रिवेदी, सेवानिवृत्त रेडियो उपनिरीक्षक एवं श्री नन्दन सिंह, सेवानिवृत्त रेडियो उपनिरीक्षक विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति के पुलिस पदक से अलंकृत किये गये।



श्री सुनील कुमार गुप्ता,
अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0



श्रीमती सुनीता शर्मा,
उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)



श्री आर0के0 सिंह,
सेवानिवृत्त सहायक रेडियो अधिकारी



श्री निर्मल चन्द्र अवस्थी,
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री सूर्य कुमार त्रिवेदी,
सेवानिवृत्त रेडियो उपनिरीक्षक



श्री नन्दन सिंह,
सेवानिवृत्त रेडियो उपनिरीक्षक

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 25.10.2021 | सिद्धार्थनगर |
| | गोरखपुर |
| | वाराणसी |
| 20.10.2021 | कुशीनगर |
| 05.10.2021 | लखनऊ |
| मा0 प्रधान मंत्री, डेनमार्क | |
| 10.10.2021 | आगरा |
| 09.10.2021 | |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 25.10.2021 | वाराणसी |
| 20.10.2021 | कुशीनगर |
| 18.10.2021 | गौतमबुद्धनगर |
| 17.10.2021 | गाजियाबाद |
| | गौतमबुद्धनगर |
| मा0 राज्यपाल, बिहार | |
| 06.10.2021 | मऊ |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 30.10.2021 | गोरखपुर |
| 27.10.2021 | गोण्डा |
| 25.10.2021 | वाराणसी |
| | गोरखपुर |
| 24.10.2021 | गोरखपुर |
| | वाराणसी |
| | संतरविदासनगर |
| 23.10.2021 | वाराणसी |
| 20.10.2021 | कुशीनगर |
| 19.10.2021 | कुशीनगर |
| | गोरखपुर |
| | बस्ती |
| 15.10.2021 | उन्नाव |
| 13.10.2021 | गोरखपुर |
| 12.10.2021 | कुशीनगर |
| | गोरखपुर |
| 08.10.2021 | गोरखपुर |
| 07.10.2021 | गोरखपुर |
| | वाराणसी |
| | बलरामपुर |
| 06.10.2021 | चन्दौली |
| | वाराणसी |
| 03.10.2021 | गोरखपुर |

- निम्नानुसार मेला/त्योहार/पर्व के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| जनपद | मेला/त्योहार/पर्व |
|---|---|
| हमीरपुर | दशहरा, दुर्गापूजा |
| चित्रकूट | क्वारमास अमावस्या मेला |
| मीरजापुर | शारदीय नवरात्रि मेला |

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के अनुमोदनोपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश /2010 दिनांक 25.10.2021 द्वारा ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उ0प्र0 पुलिस के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा दिनांक 25.10.2021 से केवल रात्रि के समय शीतकालीन वर्दी धारण किये जाने एवं दिन के समय शीतकालीन वर्दी धारण करने के सम्बन्ध में अलग से निर्देश निर्गत किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र के पत्र संख्याः डीजी –तीन –12(05)/2021 दिनांक 22.10.2021 द्वारा दिनांक 20.11.2021 से 22.11.2021 तक पुलिस मुख्यालय, सिग्नेचर बिल्डिंग में प्रस्तावित DGsP/IGsP Conference-2021 सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराये जाने हेतु समितियों का गठन किया गया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन, उ0प्र0, लखनऊ के पुलिस रेडियो मेल संख्याः ई–146/2021(पार्ट–।।) दिनांक 02.10.2021 द्वारा आधुनिकीकरण योजना– 2020–21 के अन्तर्गत क्रय किये गये 132 अदद वायरलेस बेस्ड पी0ए0 सिस्टम मय सहवर्ती उपकर्मिकाओं को इस मुख्यालय के पुलिस रेडियो मेल दिनांक 05.04.2021 द्वारा वितरित किये जाने के क्रम में निम्नानुसार जनपदों को रेडियो मुख्यालय से 70 फिट Pneumatic Mast एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया है–

| Distt | Proposed | Distt | Proposed |
|---|---|---|---|
| KND | 1 | JNR | 1 |
| EWH | 1 | PBT | 1 |
| BPT | 1 | SHA | 1 |
| GBN | 3 | FHR | 1 |
| SRR | 1 | BNA | 1 |
| DOA | 2 | HMR | 1 |
| GZR | 1 | MBA | 1 |
| CDI | 2 | MPI | 1 |
| BLA | 1 | | |

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में अक्टूबर–2021 में 128 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अक्टूबर–2021 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 11 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरुण कुमार मिश्र, रायबरेली, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ज्वाला प्रसाद गुप्ता, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अनोद कुमार श्रीवास्तव, सीतापुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रुप सिंह, गौतमबुद्धनगर, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अश्वनी कुमार उपाध्याय, प्रतापगढ़, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री देवेश कुमार अवस्थी, कानपुर देहात, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राज किशोर सिंह, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री रविन्द्र कुमार तिवारी, रेडियो मुख्यालय, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राकेश चन्द्र शर्मा, 35वीं वाहिनी पीएसी, 10. प्रधान परिचालक/5976 श्री अखिलेश प्रसाद मिश्र, कुशीनगर, एवं 10. प्रधान परिचालक/261 श्री देशराज सिंह, रेडियो मुख्यालय।

## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपायः पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय /कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/ एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 13.09.2021 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

## श्रद्धांजलि

- माह अक्टूबर–2021 में पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में नियुक्त सन्देशवाहक, श्रीमती शाकिरा बानो का दिनांक 08.10.2021 को असामयिक निधन हो गया है।



उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्रीमती शाकिरा के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ पर कार्यशाला

● दिनांक 22.10.2021: Cardio Pulmonary Resuscitation (CPR) के सम्बन्ध में एक कार्यशाला किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0 के सम्बन्धित विशेषज्ञों द्वारा उ0प्र0 रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों के लिये आयोजित की गयी जिसमें 17 कार्मिकों द्वारा भाग लिया गया। उक्त कार्यशाला किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेयी साइन्टिफिक कन्वेन्शन सेण्टर के द्वितीय तल स्थित 'स्किल सेण्टर' में Dr. G.P. Singh, Professor & Head, Deptt. of Anesthesia, KGMU, Lucknow के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि Cardiac arrest या तत्काल दिल की धड़कन बन्द हो जाने पर व्यक्ति को तुरन्त CPR (100 to 120 compressions/minute with Approx. 5Cm depth) देना शुरु कर देना चाहिये अन्यथा 3 मिनट में मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी से उसका शरीर कोमा में चला जाता है और 10 मिनट में मृत्यु हो जाती है। CPR प्रारम्भ करते ही अन्य व्यक्ति की मदद से तत्काल कार्डियेक एम्बुलेन्स बुलानी चाहिये। एम्बुलेन्स आने या व्यक्ति के होश में आने या AED (Automated external de brillators), जिसे Shock Machine भी कहते हैं, लगाने तक CPR देते रहना चाहिये। मशीन लगाने के बाद मशीन के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करना चाहिये।







## पुलिस रेडियो मुख्यालय पर गाँधी जयन्ती कार्यक्रम

● दिनांक 02.10.2021 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के प्रशिक्षण केन्द्र में गाँधी जयन्ती पर सम्पन्न कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता ने राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गाँन्धी जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। रेडियो मुख्यालय के उप महानिरीक्षक, राज्य रेडियो अधिकारी, अपर राज्य रेडियो अधिकारी, सहायक रेडियो अधिकारीगण ने माल्यार्पण/पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गाँन्धी जी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो............" का भावपूर्ण गायन पुलिस रेडियो कार्मिकों ने किया। अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री सुनील कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को भेंट दी तथा उपस्थित स्टाफ को गाँधी जी के जीवन दर्शन एवं उनके कालजयी व्यक्तित्व, उनके जीवन में सामाजिक अन्याय के प्रति जागरुकता के कारण; किसानों, मजदूरों और शहरी श्रमिकों को अत्यधिक भूमिकर और भेदभाव के विरुद्ध एकजुट करने; देश में गरीबी से राहत दिलाने, महिला अधिकार, धार्मिक एवं जातीय एकता तथा छुआछूत के विरोध में कार्यक्रम चलाने; अस्पृश्यता को ईश्वर और मानवता के प्रति अपराध बताने, भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन के अन्तर्गत सत्याग्रह, अहिंसा, असहयोग, सविनय अवज्ञा, अंग्रेजों भारत छोड़ो, स्वराज जैसे देशव्यापी आन्दोलन तथा दांडी यात्रा जैसी जन जागरुक यात्राओं से देश की जनता को एकजुट करने; सभी परिस्थितियों में सत्य और अहिंसा का पालन करने, आमजन को जागरुक करने के लिये समाचार पत्र लेखन एवं पुस्तक प्रकाशन कार्य, इत्यादि का उल्लेख किया।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2007 से गाँन्धी जयन्ती को 'विश्व अहिंसा दिवस' के रूप में मनाने, विश्व में गाँन्धी जी के अनुयायियों तथा गाँधी जी के बारे में भौतिक वैज्ञानिक आइंस्टीन के विचारों तथा भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गाँधी जी के सिद्धान्तों को मूर्तरुप देने हेतु प्रारम्भ की गयी योजनाओं का उल्लेख भी किया गया।

श्री लाल बहादुर शास्त्री जी का भी स्मरण कर उनके मुख्य नारों 'मरो नहीं, मारो' एवं 'जय जवान जय किसान', उनकी सादगी, गरीबों की सेवा व स्वाधीनता संग्राम में सक्रिय भागीदारी का स्मरण किया गया। शास्त्री जी के एक कुशल मध्यस्थ, खाद्यान मूल्यों पर नियंत्रण व भारतीय प्रधान मंत्री रहते हुए पाकिस्तान के साथ सन् 1965 के युद्ध में शास्त्री जी की दृढ़ता का उल्लेख किया गया। शास्त्री जी मरणोपरान्त सन् 1966 में भारत रत्न से सम्मानित किये गये।





## "राष्ट्रीय एकता दिवस" कार्यक्रम

● दिनांक 31.10.2021: 31 अक्टूबर सन् 1875 को नड़ियाद, जिला–खेड़ा, गुजरात में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रुप में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर मनाया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 1100 बजे, मास्क/सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए, शपथ ग्रहण की गयी। ज्ञातव्य हो कि तत्कालीन गृह मंत्री, भारत सरकार, सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा अंग्रेजों से भारत की आजादी के बाद 565 भारतीय रियासतों को भारत राष्ट्र में संविलीन करने में ऐतिहासिक भूमिका का निर्वहन किया गया था जिसके फलस्वरुप वर्तमान भारत राष्ट्र का अस्तित्व सम्भव हुआ। पेशे से वकील रहे सरदार पटेल का स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री के रुप में कार्यकाल सन् 1947 से 1950 तक रहा। 15 दिसम्बर सन् 1950 को मुम्बई में हृदय गति रुक जाने से सरदार पटेल का देहावसान हुआ। सरदार पटेल मरणोपरान्त सन् 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किये गये।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो में प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों का स्मरण

- भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के अपने साथियों का स्मरण करते हुए उनके द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो में प्राप्त विशेष प्रशिक्षणों का बैचवार विवरण तैयार किया गया। ऐसे सभी प्रशिक्षणों का सारांश निम्नानुसार है–

| S.N. | Course | Duration of Course | No. of Batches organised | Year of Training | No. of satff trained |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Modern Control Room (CAD) Course | 10 Days | 23 | 2014-16 | 553 |
| 2. | CCTV Course | 05 Days | 16 | 2015-16 | 297 |
| 3. | Internet and Mobile Workshop | 02 Days | 16 | 2015-16 | 419 |
| 4. | Computer and Hardware Networking Course | 07 Days | 8 | 2016 | 56 |
| 5. | Basic Computer Course | 05 Days | 36 | 2013-16 | 491 |
| 6. | VHF (Radio Telephony) Course | 01 Day | 16 | 2015-16 | 419 |
| 7. | Q-Mail Course | 02 Days | 4 | 2014 | 130 |
| 8. | Overhead Projector Course | 01 Day | | 2015 | 51 |
| 9. | Digital VHF Mobile Radio Course | 01 Day | 3 | 2016-18 | 89 |
| 10. | Computer familiarisation Course (For Women) | 24 Hours | 5 | 2018 | 65 |
| 11. | Telephone Duty Course | 02 Days | 1 | 2018 | 09 |
| 12. | CCTV Maintenance Course | 06 Days | 1 | 2018 | 24 |
| 13. | Promoted ARO/RI Course | 04 Days | 2 | 2018 | 49 |
| 14. | Role of GIS & GPS in creation of police information system | 05 Days | 7 | 2014-21 | 150 |

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग–3)

### स्वतंत्रता से पूर्व उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार

- 02 अक्टूबर सन् 1942 को तत्कालीन गवर्नर द्वारा वायरलेस सेक्शन की अलग कैडर के रुप में स्थापना किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसलिए 02 अक्टूबर सन् 1942 को पुलिस रेडियो का स्थापना दिवस माना जाता है।
- गृह विभाग (पुलिस) के शासनादेश दिनांक 02.10.1942 का महत्वपूर्ण उद्धरण निम्न प्रकार है–

"I am directed to say that the existing staff of the wireless section of the U.P. Military Police consists of 24 naiks and 4 constable motor drivers whose posts are sanctioned until March 31, 1943 vide G.Os. nos.575/VIII-563-40, dated February 07,1942 and 3390/VIII-386-42, dated July 28, 1942. These posts were created on a temporary basis as the wireless section was in an experimental stage. Recent events have however proved its utility and the Governor considers that it should be retained on a permanent basis. He also agrees that the existing staff is inadequate and that it should be reorganised as a separate cadre within the U.P. Police but distinct from and extra to the present sanctioned establishment of the force."

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संगठन को 01 अप्रैल सन् 1943 से ''पुलिस वायरलेस टेलीग्राफी सेक्शन'' नाम से सम्बोधित किया गया।
- गृह विभाग (पुलिस) के शासनादेश दिनांक 28.07.1942, 02.10.1942 तथा 01.12.1942 द्वारा वायरलैस टेलीग्राफी सेक्शन हेतु कतिपय पद स्वीकृत किये गये थे। गृह विभाग (पुलिस) के शासनादेश दिनांक 29.04.1943 द्वारा वायरलैस टेलीग्राफी सेक्शन हेतु उक्त स्वीकृत पदों की स्थायी स्वीकृति का उद्धरण निम्न प्रकार है–

"I am directed to convey the sanction of the Governor to the permanent retention with effect from April 01, 1943, of the Wireless Telegraphy Section of the U.P. Police with the following staff sanctioned in G.O.'s mentioned on the margin-

(1) Of cer in charge of the section, who will be of the rank of a Supdt. of Police.
(2) Five Assistant Sub-Inspectors with pay in the scale of Rs. 45-1.5-60.
(3) 32 head constables. First grade, Pay at Rs. 35/-p.m. each. Special pay at Rs. 7/-p.m.
(4) Four motor driver constables with pay as ordinary constables plus a special pay of Rs. 7/-p.m. each.
(5) Two armed police constable orderlies. Pay at Rs. 15/- each. Armed Police allowances @Rs.2/-p.m. each.
(6) Stenographer clerk in the scale of Rs. 50-2.5-65, for the Of cer in charge of the section."

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।